उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ

वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in ; ई–मेल : shcuplko@rediffmail.com;

पत्रांक : जी–।।/3501/एस.एच.सी/2024 दिनांक : 09/02/2024

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

1. हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर–9 दिनांक 09 फरवरी, 2024 जारी किया गया है जिसमें हज–2024 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त रु 81,800/–जमा करने की तिथि 09 फरवरी, 2024 से बढ़ाकर 15 फरवरी, 2024 कर दी गयी है।
2. रु 81,800/–की पे–इन–स्लिप/ऑनलाइन रसीद, मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र उ0प्र0 राज्य हज समिति में जमा करने की अन्तिम तिथि 19 फरवरी, 2024 निर्धारित की गयी है।
3. चयनित हज यात्रियों को धनराशि ऑनलाइन अपने लॉग–इन आई0डी0 से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यू0पी0आई के माध्यम से जमा करने की सुविधा दी गयी है। धनराशि हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया के खाते में भी जमा कर सकते हैं, जिसमें प्रत्येक कवर को जारी बैंक रेफरेंस नम्बर अंकित करना होगा।
4. बैंक रेफरेंस नम्बर प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस द्वारा भेजा गया है। प्रत्येक कवर के लॉग–इन आई0डी पर आवेदन फार्म, डाउनलोड करने की सुविधा दी गयी है। मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, पे–इन–स्लिप आदि वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in व www.hajcommittee.up.gov.in डाउनलोड की सुविधा उपलब्ध है।
5. मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट सरकारी एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा मान्य होगा। इस सम्बन्ध में समस्त जनपदों के ज़िलाधिकारी, ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को हज यात्रियों को ज़िला स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।
6. अन्य किस्तें हवाई जहाज का किराया निर्धारित होने पर सूचित किया जायेगा।
7. हज यात्रियों को अपने प्रपत्र डाक अथवा दस्ती उ0प्र0 राज्य हज समिति के पते **मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ** पर भेजना/जमा कराना होगा।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष/सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त ई–सुविधा केन्द्र, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. ज़िला सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी